सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 25 मार्च, 2024

सोमवार को राजभवन में होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर राज्यपाल को होली की बधाई दी।

राज्यपाल ने सभी लोगों से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की रंगों का यह त्योहार एकता, आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों के साथ–साथ सरहदों पर तैनात सैनिकों को भी होली की बधाई दी और कहा की यह त्योहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी होली के अवसर पर प्रदेशवासियों बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी की सुख–शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की कामना की।

..........0..........